रोल नं0..............................नाम परीक्षार्थी..............................

VI-5 **वार्षिक परीक्षा सन् 2024 ई०** **A**

# सामाजिक विषय

समय – 2.00 घण्टा कक्षा – 6 पूर्णांक – 100

**नोट–प्रश्न पत्र तीन खण्डों में विभाजित है। जिस खण्ड से जितने प्रश्न हल करने हैं उसके सम्मुख अंकित हैं। प्रश्न सं. 1 व 2 अनिवार्य हैं।**

**1. निम्न खण्डों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:–** **10**

(क) हिन्द महासागर भारत की किस दिशा में है :–

(अ) उत्तर में (ब) दक्षिण में

(स) पूर्व में (द) पश्चिम में।

(ख) रबड़ किस प्रकार के वनों का वृक्ष है :–

(अ) मानसूनी (ब) मरूस्थलीय

(स) सदाबहार (द) ज्वारीय।

(ग) गौतम बुद्ध किस धर्म के संस्थापक थे :–

(अ) बौद्ध (ब) जैन

(स) वैदिक (द) ईसाई।

(घ) विदेशी आक्रमणकारी :–

(अ) भारत में ही बस गये (ब) अपने भूमि स्थानों को चले गये

(स) यहाँ के धर्म को अपनाया (द) यहाँ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा

(ङ) जिले में परिवार कल्याण के कार्य करवाता है :–

(अ) पुलिस अधीक्षक (ब) लोक अदालत

(ब) जेलर (द) मुख्य चिकित्सा अधिकारी।

**2. निम्न में सत्य/असत्य कथन छाँटकर लिखिए :–** **10**

(क) नवरोज ईसाईयों का प्रमुख त्यौहार है।

(ख) हर्ष वर्धन की राजधानी कन्नौज थी।

(ग) मिनाण्डर शक शासक था?

(घ) चन्द्रगुप्त मौर्य ने सेल्यूकस को हराया।

(ङ) वार्षिक गति के कारण दिन–रात होते हैं।

(पृष्ठ पलटिए)

खण्ड– 'क' कोई पाँच प्रश्न कीजिए :- 20

3. पृथ्वी के ताप कटिबन्धों का वर्णन कीजिए।
4. अक्षांश रेखा किसे कहते हैं?
5. हम चन्द्रमा का एक ही भाग क्यों देख पाते हैं?
6. आर्यों की सामाजिक व्यवस्था कैसी थी?
7. जैन और बौद्धधर्म के सिद्धान्तों को लोगों ने क्यों अपनाया?
8. चन्द्रगुप्त मौर्य कौन थी।
9. जिला पंचायत के कार्य लिखिए।

खण्ड– 'ख', कोई पाँच प्रश्न कीजिए :- 30

10. कागज का आविष्कार सर्वप्रथम कहाँ हुआ?
11. वैदिक सभ्यता को आर्य सभ्यता क्यों कहते हैं?
12. मौर्यों के प्रशासन का वर्णन कीजिए।
13. देशान्तर रेखा किसे कहते हैं?
14. पृथ्वी के परिभ्रमण एवं परिक्रमण में अन्तर बताइए।
15. सुदूर संवेदन किसे कहते हैं?
16. ग्राम प्रधान ने गाँव में क्या-क्या काम कराया है?

खण्ड–ग कोई दो प्रश्न कीजिए। प्र.सं. 19 अनिवार्य है। 30

17. संसार की छत किस पठार को कहा जाता है?
18. अशोक ने कौन-सा युद्ध लड़ा? युद्ध का क्या परिणाम हुआ?
19. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-
    (क) ग्राम पंचायत का चुनाव .......... वर्ष के लिए होता है।
    (ख) जिले का कामकाज देखने वाला .......... होता है?
    (ग) ग्राम पंचायत के प्रमुख को .......... कहते हैं?
    (घ) अक्षांश और देशान्तर का मापन .......... में किया जाता है।
    (ङ) हर्ष वर्धन की मृत्यु .......... ई. में हुई।